भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न 1729
मंगलवार, 10 फरवरी, 2026/21 माघ,1947 (शक) को उत्तरार्थ

भारत टैक्सी

†1729. **सुश्री कंगना रनौतः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 1 जनवरी, 2026 को शुरू किए गए भारत टैक्सी ऐप के अंतर्गत हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐप पर आज तक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या कितनी है;

(ग) ऐप के शुरू होने के बाद से इसके माध्यम से पूरी की गई कुल राइड/ट्रिप की संख्या कितनी है;

(घ) ऐप वर्तमान में राज्यवार कितने शहरों/नगरों में कार्यशील है;

(ङ) क्या राइडर्स और/या ड्राइवरों से कोई उपयोगकर्ता शुल्क, सुविधा शुल्क, प्लेटफ़ॉर्म शुल्क या कमीशन लिया जा रहा है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा किफायती किराए, मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता, ड्राइवर कल्याण और पूरे देश में ऐप को व्यापक रूप से अपनाने को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) (ख), (ग) और (घ) सहकारिता मंत्रालय रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा और जमीनी स्तर पर आर्थिक भागीदारी के साधन के रूप में सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत टैक्सी की परिकल्पना ड्राइवरों को जिन्हें सारथी कहा जाता है स्वामित्व, शासन और मूल्य सृजन के केंद्र में रखकर मोबिलिटी के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी इंटरवेंशन के रूप में की गई है, जिससे एग्रीगेटर-संचालित मॉडल के लिए एक संधारणीय और सम्मानजनक विकल्प प्रदान किया जा सके। "भारत टैक्सी" भारत का पहला सहकारी नेतृत्व वाला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। यह 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना के अनुरूप सहकारी क्षेत्र को सशक्त करने और समावेशी, नागरिक-केंद्रित मोबिलिटी समाधानों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के चल रहे प्रयासों में एक प्रमुख मील का पत्थर है। बहु-राज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत, भारत टैक्सी की स्थापना दिनांक 6 जून 2025 को सहकारी समितियों के क्षेत्र में काम करने वाले 8 राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों द्वारा की गई थी। यह प्लेटफॉर्म शून्य-कमीशन मॉडल

पर काम करता है, जिसमें ड्राइवरों को मुनाफे का सीधा वितरण होता है, जो निवेश-संचालित एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के लिए एक घरेलू और स्वदेशी विकल्प प्रदान करता है।

अभी तक भारत टैक्सी सेवा दिल्ली एनसीआर-दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा और गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ और द्वारका में काम कर रही है। ऐप में 990,082 पंजीकृत ग्राहक और 3 लाख से अधिक पंजीकृत ड्राइवर हैं जो 291,665 राइड पूरी कर चुके हैं। आने वाले समय में, भारत टैक्सी की योजना 2029 तक राष्ट्रीय उपस्थिति के साथ चरणवार रोलआउट करने की है।

(ङ.) वर्तमान में एप द्वारा सुविधा शुल्क, प्लेटफ़ॉर्म शुल्क या कमीशन के रूप में कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। हालांकि, भारत टैक्सी द्वारा संचालित हवाई अड्डे के प्रीपेड बूथों पर, प्रचालन खर्चों का ध्यान रखने के लिए किराए पर 7% सेवा शुल्क लगाया जाता है।

(च) भारत टैक्सी स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, सेवानिवृत्ति बचत और एक समर्पित ड्राइवर सहायता प्रणाली के माध्यम से सारथी के लिए सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। यह दिल्ली में सात प्रमुख स्थानों पर सहायता केंद्र संचालित करता है, तेजी से आपातकालीन सहायता और सत्यापित सवारी डेटा प्रदान करता है, ड्राइवरों को विशिष्टता प्रतिबंधों के बिना अन्य प्लेटफार्मों पर काम करने की स्वतंत्रता देता है, और "बाइक दीदी" जैसी पहल के माध्यम से महिला सशक्तीकरण को सक्रिय रूप से बढ़ावा देता है, जिसके तहत 150 से अधिक महिला चालक पहले ही मंच से जुड़ चुकी हैं।

भविष्य को देखते हुए, भारत टैक्सी ने सभी राज्यों और शहरों में राष्ट्रव्यापी विस्तार, हर राज्य में समर्पित सहायता केंद्रों की स्थापना, चालक सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करने और एक संधारणीय, समावेशी और सहकार-संचालित मोबिलिटी इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के साथ गहन एकीकरण की योजना बनाई है।

******